नवभारत 04
सतना, गुरुवार, 20 नवम्बर , 2025

विधायक नागेंद्र सिंह ने पेश किया अनुकरणीय उदाहरण

कार्यकर्ताओं को सम्मान देने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,विधायक और महापौर भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठे

नवभारत न्यूज

नागौद/सतना 19 नवम्बर। स्थानीय कार्यक्रम में सोमवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब मंच पर केवल मंडल अध्यक्ष को मुख्यमंत्री के साथ स्थान दिया गया, जबकि वरिष्ठ नेताओं ने स्वयं कार्यकर्ताओं के बीच नीचे बैठकर सादगी और संगठनात्मक संस्कृति का उदाहरण पेश किया।

सूत्रों के अनुसार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मंत्री नागेंद्र सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, विक्रम सिंह विक्की, सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित कई वरिष्ठ नेता मंच छोड़कर नीचे कार्यकर्ताओं के साथ बैठे। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और वे खुले दिल से मुख्यमंत्री से सीधे संवाद कर पाए।

सबका ध्यान उस समय और अधिक आकर्षित हुआ जब वरिष्ठ नेताओं के नीचे बैठने के बावजूद राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, जो नागौद विधानसभा की बहू और रैगांव की बेटी हैं तथा हर मंगलवार को कैबिनेट बैठक में शामिल होती हैं, मंच पर ही बनी रहीं। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ऐसी स्थिति में जब वरिष्ठ नेता नीचे बैठकर कार्यकर्ता भावना को सम्मान दे रहे हों, किसी भी जनप्रतिनिधि को त्याग और सरलता का संदेश देना चाहिए था।

इसी क्रम में जिले की राजनीति में एक और चर्चा का विषय बने जिलाध्यक्ष भगवती पांडेय, जिन पर नेताओं के आने पर अत्यधिक मंच आग्रह की आदत का

आरोप लगता रहा है। स्थानीय कार्यकर्ताओं का मानना है कि ऐसी कार्यशैली से वरिष्ठ और स्वाभिमानी नेता स्वयं को अलग महसूस करते हैं।

कार्यक्रम में नागेंद्र सिंह की विनम्रता और कार्यकर्ता-प्रथम दृष्टिकोण ने सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सूत्र बताते हैं कि मंच पर उन्होंने रही-सही कसर पूरी करते हुए यह संदेश भी दिया कि आने वाले समय में संगठन में अनुशासन, व्यवहार और कार्यकर्ता सम्मान को प्राथमिकता दी जाएगी। राजनीतिक हलकों में अब यह चर्चा है कि सतना जिले की नई संगठनात्मक सूची आने के बाद कई समीकरण बदल सकते हैं।

जिलाध्यक्ष से नाराज विधायक नागेन्द्र सिंह हेलीपैड से वापस हुए

सतना। नागौद में मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का हेलीपैड में स्वागत करने वालों की सूची को लेकर नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह ने नाराज हो गए हैं। पार्टी जिलाध्यक्ष द्वारा दिए गए नामों को लेकर असंतुष्ट विधायक नागेंद्र सिंह ने कहा कि सूची में नागौद के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्वागत का अवसर न देकर अन्य स्थलों के लोगो के नाम दिए गए। जबकि ये उनके लिए अवसर था। इसके बाद विधायक नागेन्द्र सिंह हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल आ गये और महापौर योगेश ताम्रकार के पास आकर बैठे हैं। जानकारों का कहना कि भाजपा में परम्परा है कि कार्यक्रम आयोजित या क्षेत्रीय विधायक से चर्चा के बाद हेलीपैड में स्वागत करने वालों, मंच बैठने और स्वागत करने वालों की सूची जिलाध्यक्ष को बनाना चाहिए और कार्यक्रम का आमंत्रण सभी सांसद, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्मान सहित देना चाहिए लेकिन यह इस बार नहीं हुआ। इसलिए कई वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ही नहीं गए।

पिटाई से घायल युवक की आठ दिन बाद इलाज के दौरान मौत

परिजन न्याय की मांग को लेकर पहुँचे थाने

नवभारत न्यूज

मैहर 19 नवम्बर। ग्राम गोरैया खुर्द (कुटाई) निवासी 35 वर्षीय ब्रजभान पटेल की सतना जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजन मंगलवार को शव लेकर मैहर थाना पहुंचे और न्याय की मांग करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाने लगे।

मामले के अनुसार, ग्राम कुटाई के निवासी प्रिंस पाठक पिता कमल पाठक ने 10 नवंबर 2025 को लाठीङ्कडंडों से ब्रजभान पटेल की बेरहमी से पिटाई की थी। घायल ब्रजभान ने घटना के बाद मैहर थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी।

हालत बिगड़ने पर उसे मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से 15 नवंबर को गंभीर स्थिति को देखते हुए सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहाँ 18 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजन शव को लेकर थाने पहुँचे और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि आरोपी प्रिंस पाठक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि एमएलसी रिपोर्ट आना बाकी है, परिजनों के बताए अनुसार मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

नाबालिक से बलात्कार का फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना 19 नवम्बर। अमरपाटन थाना पुलिस ने नाबालिक लडकी को बहला फुसलाकर ले जाकर गलत कृत्य करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार थाना अमरपाटन में दिनांक 14.9.2025 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। लगातार खोजबीन एवं प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 21.09.2025 को अपहृता को दस्तयाब किया गया । नाबालिग ने अपने कथन में बताया कि उसे नमन उर्फ अनुज कुमार साकेत, निवासी बजवाही द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया तथा उसके साथ गलत कृत्य किया गया। कथन एवं साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में आवश्यक सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया तथा आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम के सतत प्रयासों के बाद दिनांक 18.11.2025 को आरोपी नमन उर्फ अनुज कुमार साकेत पिता- स्व. सोभनाथ साकेत, उम्र 19 वर्ष, निवासी बजवाही, थाना अमरपाटन, जिला मैहर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

दिनदहाड़े युवक की बेल्ट से पिटाई का वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

मैहर 19 नवम्बर। शहर के बीचों-बीच स्थित स्टेशन रोड के सरगम होटल के सामने युवक की बेल्ट से की गई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल भीड़भाड़ वाला इलाका है, ऐसे में दिनदहाड़े हुई मारपीट की यह वारदात लोगों में दहशत और आक्रोश दोनों पैदा कर रही है।

वीडियो में दिखा पूरा घटनाक्रम-लगभग 25ङ्क30 सेकंड के इस वायरल वीडियो में तीन युवक एक व्यक्ति को ज़बरदस्ती पकड़कर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि चलते-चलते ही एक युवक अपनी कमर से बेल्ट

निकालकर पीड़ित को कई बार बेरहमी से मारता है।

पीड़ित युवक अपने आप को छुड़ाने की कोशिश करता है, लेकिन तीनों आरोपी उसे कसकर पकड़े रहते हैं। वीडियो में आसपास गुजरते कुछ लोग भी नजर आते हैं, लेकिन कोई भी बीच बचाव करता नहीं दिखता।

दो दिन पुरानी घटना, वीडियो से खुला राज-स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह घटना दो दिन पुरानी है। उस समय किसी ने इसकी शिकायत थाने में नहीं की थी। लेकिन जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ, मामला तेजी से फैल गया। वीडियो वायरल होने के बाद ही यह घटना पुलिस के संज्ञान में आई।

शहर में चिंता का माहौल-घटना शहर के मुख्य मार्ग पर हुई है, जहां दिनभर यातायात और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। लोगों का कहना है कि ऐसी वारदातें खुलेआम होने लगीं तो आमजन में भय का माहौल बन जाएगा। सोशल मीडिया पर भी लोग पुलिस से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पुलिस की कार्रवाई—आरोपियों की तलाश शुरू-मैहर थाना पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना स्टाफ द्वारा वीडियो में नजर आ रहे युवकों की पहचान की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार-वीडियो का सत्यापन किया जा रहा है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़ित की जानकारी भी जुटाई जा रही है ताकि घटना के वास्तविक कारण का पता लगाया जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि पिटाई का कारण आपसी रंजिश, विवाद या कोई अन्य मामला तो नहीं था।

पुजारी सुदामा प्रसाद शुक्ला का निधन

नागौद । सेवादास अखाडा नागौद के पुजारी पंडित सुदामा प्रसाद शुक्ला का निधन हो गया है। यह जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने श्रद्धांजलि दे कर ईश्वर से प्रार्थना उनको अपने धाम में स्थान देने की कामना की।

एक नजर में

दीनदयाल आईटीआई चित्रकूट में युवा संगम रोजगार मेला सम्पन्न

चित्रकूट। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र चित्रकूट में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जिला प्रशासन सतना और जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से चित्रकूट क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के ललिये बुधवार को एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बी ?ी तिवारी जिला रोजगार अधिकारी सतना, अजय बागरी प्राचार्य शासकीय आईटीआई सतना, संजय दुबे प्राचार्य दीनदयाल आईटीआई चित्रकूट , अनिल कुमार सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट ने माँ वीणापाणी पर दीपप्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। रोजगार मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जिला रोजगार अधिकारी बी ?ी तिवारी ने कहा कि रोजगार हेतु अभ्यर्थियों को स्थानीय स्तर पर कम्पनियां अवसर प्रदान कर रहीं है। अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता और कौशल के आधार किया गया तथा यह पूरी प्रक्रिया निशुल्क रही। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार लेकर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

जय प्रकाश गुप्ता बने श्री खरे वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष

हिरौंदी । खरे वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता के बनने पर श्री वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई सतना के पदाधिकारीयों के द्वारा खुशी व्यक्त की गई। खुशी जताने वालों में जिला,अध्यक्ष विजय गुप्ता, जिला महामंत्री रामजी गुप्ता ,कोषाध्यक्ष दुर्गेंद्र कश्यप, जिला मंत्री ओम प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री रोहिणी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ,जिला मंत्री अमन साहू, जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता हिरौंदी, दीपक गुप्ता, अमन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता ,राहुल गुप्ता ,बलराम गुप्ता ,छवि गुप्ता आदि युवा साथी ने खुशी व्यक्ति की गई ।

महाविद्यालय में ब्यूटी पार्लर का अनुभवी टीम ने दिया प्रशिक्षण

उचेहरा । शासकीय महाविद्यालय में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परियोजना कार्य के अन्तर्गत कैरियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए ब्यूटी पार्लर के रोजगार का अनुभवी प्रशिक्षण विशेषज्ञ टीम द्वारा दिया गया इस अवसर पर छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनुराग वर्धन पाण्डेय ने कहा की स्वरोजगार किसी भी अधीनस्थ शासकीय /अशासकीय सेवा से अधिक उपयुक्त है इस अवसर पर उन्होंने सीखो कमाओ योजना और स्वयं पोर्टल की भी चर्चा की प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रियम द्विवेदी ने किया ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण टीम में पुराना ब्लाक आफिस के पास मेकओवर ब्यूटी पार्लर की श्रीमती अनीता ताम्रकार श्रवी ताम्रकार वैष्णवी ताम्रकार ने सिद्धांतिक कक्षा में सौंदर्य उद्योग के विभिन्न आयामों और उपागमो पर विस्तार से प्रकाश डालते उपस्थित जनो द्वारा इस विषय मे पूंछे गये हर सवालों का सकारात्मक जबाब देने से मौजूद जनो के बीच हो रहे एक दिवसीय प्रशिक्षण को और रोमांचक बना दिया इस दरमियान मॉडल के रूप में कुमारी मुस्कान पर करके छात्राओं को प्रशिक्षित किया।

नप अध्यक्ष के पति ने पत्रकार को गाली देकर जान मारने की धमकी दी

नवभारत न्यूज

रामनगर, 19 नवंबर । बुधवार सुबह करीब 11ः15 बजे नगर परिषद रामनगर के निर्माण शाखा कार्यालय में उस समय हंगामे जैसी स्थिति बन गई जब नगर परिषद अध्यक्ष के पति कैलाश मिश्रा उर्फ दीपू मिश्रा अचानक कार्यालय में घुसे और वहां मौजूद पत्रकार अलाउद्दीन सिद्दीकी को ताबड़तोड़ गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पत्रकार अलाउद्दीन सिद्दीकी परिषद से संबंधित जानकारी लेने उपयुक्ति (निर्माण शाखा) ओमप्रकाश द्विवेदी से मिलने आए थे और कुर्सी पर बैठकर बात कर रहे थे। तभी कैलाश मिश्रा अंदर आए और पत्रकार को देखते ही चीखते हुए बोले,इसको किसने बिठाया है? उठाओ इसेज्! इसके बाद मां-बहन की गालियां देते हुए उन्होंने कहा, चीर के दो टुकड़े कर देंगेज्जान से मार देंगे।

कहते हुए वे कॉलर पकड़ने के लिए आगे बढ़े। मौके पर मौजूद नगर परिषद के कर्मचारी विवेक अवधिया और निहाले पाण्डेय ने किसी तरह उन्हें पकड़कर रोका और बाहर ले गए। बाहर जाते-जाते भी कैलाश मिश्रा धमकाते रहे, अभी तुम जानते नहीं हो दीपू मिश्रा कोज्जीना दुस्वार कर दूंगा।

पत्रकार अलाउद्दीन सिद्दीकी ने तुरंत इस पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना रामनगर में दर्ज करा दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोग इसे अध्यक्ष पति की गुंडागर्दी करार दे रहे हैं और पत्रकारों पर हमले की कड़ी निंदा कर रहे हैं। मामले ने इलाके में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

राम सिंह बागरी बने सरपंच संघ के अध्यक्ष

नागौद । मध्य प्रदेश सरपंच संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह बघेल की अनुशंसा और संगठन की सहमति से राम सिंह बागरी (सरपंच रजरवारा) को रैगांव विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में उत्साह की लहर दौड़ गई है। समरवारा मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह, अरविंद लोधी, अभिजीत सिंह, उदयराज बागरी, जगदीश लोधी,तथा अनेक सरपंचों और आम नागरिकों ने राम सिंह बागरी को शुभकामनाएं दी है ।

जनजागरुकता कार्यक्रमों के साथ विश्व मधुमेह दिवस का हुआ आगाज

सदगुरू नेत्र चिकित्सालय का आयोजन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 19 नवम्बर। परम पूज्य संत रणछोड़ दस जी महाराज द्वारा चित्रकूट के जानकी कुण्ड में स्थापित विश्व विख्यात सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों के साथ विश्व मधुमेह दिवस अभियान 2025 का आगाज हुआ।

कार्यक्रम में जनजागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। आपको बता दे कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मधुमेह दिवस अभियान 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वहीं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा इस बीमारी एवं इससे बचने के उपायों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा लगभग 300 लोगों की शुगर जांच और रेटिना की फंडस फोटो लेकर नेत्र रोगों की प्रारंभिक जांच की गई। अभियान का उद्देश्य मधुमेह के कारण होने वाले नेत्र रोगों से बचाव और इलाज के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इस अभियान के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जागरूकता वार्ताएं, सेमिनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

इन गतिविधियों के जरिए मधुमेह के खतरे, प्रबंधन, और नेत्र रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी साझा की गई। साथ ही विश्व मधुमेह दिवस पर जिला चिकित्सालय चित्रकूट सोनेपुर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के चलित वाहन के माध्यम से कैंप लगाया गया जिसमें मधुमेह की जांच, एवं फंडस कैमरा द्वारा लोगों के पर्दे की जांच एवं फोटो ली गई।

रेल्वे ओवर की ड्राइंग में बदलाव कर किया जा रहा निर्माण

नवभारत न्यूज

सतना 19 नवम्बर। खैरवा कला-बेरमा के मध्य बने रहे रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण में गुणवत्ता विहीन कार्य एवं ब्लैक स्पॉट निर्मित कार्य होने का आरोप लगाते हुए सथानीय लोगों ने जांच की मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों से चर्चा करने पर मालूम पड़ा कि यह ब्रिज आस पास के लगभग 10 ग्रामों को जोड़ते हुए आर सी सी पी एल सीमेंट प्लांट के भारी वाहनों का आवागमन का प्रमुख मार्ग बनेगा । इस कार्य शिवहरे कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है कंपनी पेटी कॉन्ट्रैक्टर रमाकांत पांडे से यह कार्य कराया जा रहा है विभाग की तरफ से इंजीनियर राजेश सिंह परिहार की मिलीभगत कारण कार्य में भारी

अनियमितता और गुणवत्ता विहीन कार्य को कराया जा रहा है अर्थ वर्क में मिट्टी की सीबीआर वैल्यू गुणवत्ता पूर्वक नहीं है साथ ही कंक्रीट में 43 ग्रेड सीमेंट की जगह सामान्य रूप की की सीमेंट से निर्माण कराया जा रहा है । इस मार्ग पर भारी वाहनों के चलने की अनदेखी करते हुए फोरलेन सड़क की तरफ पूर्व की ड्राइंग के विपरीत परिवर्तन कराकर ग्रामीणों जनो के जीवन से खिलवाड़ करते हुए ब्लैक स्पॉट निर्मित किया जा रहा जिससे भविष्य में यह ब्रिज दुर्घटना /मौत के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा।

सांसद गणेश सिंह ने इस महत्वकांक्षी योजना का शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराया था किंतु निर्माण शुरू होने उपरांत सभी जिम्मेदारों ने इस निर्माण की गुणवत्ता एवं ड्राइंग को अनदेखा कर दिया जिसका पूरा फायदा पेंटी कॉन्ट्रैक्टर रमाकांत पांडे एवं इंजीनियर राजेश सिंह परिहार ने उठाते हुए गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है एवं पेटी कॉन्ट्रैक्टर को फायदा पहुंचाने ड्राइंग की लंबाई बढ़ाकर अर्थ वर्क कार्य में बढ़ोत्तरी कर दी गई है जिससे शासकीय मद का भारी दुरुपयोग हुआ जो आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है जिसकी जांच होना चाहिए। इसकी शिकायत दिसंबर 2024 में मनीष तिवारी के द्वारा कलेक्टर मैहर को लिखित रूप से की गई थी वहीं मनीष तिवारी, महेश तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, राजेश, रामचंद्र, राजेंद्र आदि लोगों के साथ साथ समस्त क्षेत्रीय जानों ने जिम्मेदारों से अपील की है कि इस कार्य की जांच सुनिश्चित कराई जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना घटित न हो।

दीन सहायक संस्था में लगाई जाएगी कोठी के द्वितीय शासक सीतारमण प्रताप बहादुर सिंह की प्रतिमा

राज परिवार के सदस्य कुंवर अभय सिंह रोली भैया के जन्मदिवस पर संस्था ने लिया निर्णय

नवभारत न्यूज

कोठी 19 नवम्बर। आज कोठी राज परिवार के सदस्य और क्षेत्र की पहचान कुंवर अभय सिंह रोली भैया के जन्मदिवस पर कोठी के दीन सहायक संस्था में उनका जन्म दिवस मनाते हुए यह निर्णय लिया है कि संस्था भवन में कोठी के द्वितीय शासक स्वर्गीय सीतारमण बहादुर प्रताप सिंह की प्रतिमा का लगाई जाएगी। जिससे उनकी सोच विचारधारा सदैव प्रेरणा देती रहे संस्था भवन में उनकी मूर्ति का अनावरण जल्द ही किया जाएगा साथ ही निर्माणधीन भवन का नामकरण भी स्वर्गीय सीतारमणप्रताप बहादुर सिंह के नाम से किया जाएगा ।

आज नगर सहित आसपास के क्षेत्र के प्रतिष्ठित सामाजिक

गणमान्य नागरिकों सहित दीन सहायक संस्था के पदाधिकारियों की गरिमामय मौजूदगी में अभय सिंह रोली भैया का जन्म दिवस मनाते हुए यह गौरवपूर्ण निर्णय लिया गया है ।

बता दें कि स्वर्गीय सीतारमण प्रताप बहादुर सिंह कोठी राज के द्वितीय शासक थे और वह बहुत ही दूरगामी सोच रखते थे उनकी दीर्घकालिक दूरगामी गौरव पूर्ण सोच होने की वजह से ही आज कोठी नगर की अलग पहचान है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो चाहे वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो चाहे वह जल संरक्षण के क्षेत्र में हो चाहे वह पर्यावरण अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक दिशा में हो सभी दिशाओं में एक उच्च राज कालीन विचारधारा रखते हुए उन्होंने नगर को बसाया था।

नगर के बुद्धजीवियों एवं वरिष्ठ लोगों ने बताया कि स्वर्गीय सीतारमण प्रताप बहादुर सिंह नगर के एक अलग ही शासक थे उनकी गाथाएं आज भी प्रचलित है लोगों ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान था उनकी सोच एवं विचारधारा थी कि लोग शिक्षित रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे इसलिए उन्होंने शिक्षा का महत्व देते हुए यहां पर विद्यालय खुलवाया था इसके बाद पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए उन्होंने नगर के लोगों को यह ऐलान कर दिया था कि जो भी जितना आम का पेड़ या फलदार पौधे तैयार करेगा उसकी उतनी जमीन खुद की हो जाएगी आज भी कोठी नगर की पहचान अमराइयो से है जो अब विलुप्त होने की कगार पर है साथ ही जल संरक्षण के लिए कुआं बांध बावली एवं कई तलावों का निर्माण कराया इसके साथ-साथ सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत सदैव लोगों में बनी रहे इसके लिए कई मंदिर का भी निर्माण उन्होंने अपने शासनकाल में कोठी सहित आसपास के क्षेत्र में कई मंदिरों का निर्माण करवाया था जो आज भी मौजूद है ।

इस दौरान सभी ने अभय सिंह रोली भैया का माल्यार्पण किया केक काटकर सभी को मिष्ठान वितरण किया गया लोगों ने उन्हें याद स्वरूप प्रतिमा भी भेंट की अभय सिंह रोली भैया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया विपिन सिंह बरौड़ ने सभी लोगों का आभार जताया आज इस दौरान कोठी के प्रतिष्ठित रिटायर्ड शिक्षक एवं समाजसेवी श्यामाचरण गर्ग, संस्था के अध्यक्ष पंडित दयाशंकर मिश्रौलिया, रिटायर्ड जेलर विष्णुकांत शर्मा,नलिनेंद्र मिश्र डब्बू ,अजय सिंह अज्जू,प्रमोद अग्रवाल, उमेश सिंह पप्पू ,मनीष सिंह मोहित सिंह ,विजय राज सिंह, शैलेंद्र सिंह बाबू, बृजेश गर्ग सोनू ,संजीव सिंह पिंकू , नितेश सिंह ,मनिंदर सिंह जीतू ,कृष्णभान सिंह ,रघुनाथ सिंह ,शिवजीत सिंह, दिवाकर सिंह ,अनुराग सिंह दादू, बेटा बागरी ,शिवम सिंह परिहार ,विजय सिंह परिहार ,कैलाश गुप्ता ,रोहित सिंह ,सोनू सिंह,विनय सिंह गुड्डा ,सतीश पांडे राजा ,श्यामू सेन, पंकज सिंह सुदीप, धनंजय सिंह ,राम भगत गुप्ता ,द्वारिका प्रसाद अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में उनके चाहने वाले स्नेहीजन तथा नगर के लोग मौजूद रहे।